# कार्यालय मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

आदेश सं0 1142/5–28–3 (2013–14) देहरादून, दिनांक, 7 नवम्बर 2013

## कार्यालय आदेश

शासनादेश संख्या–304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25 अक्टूबर, 2013 द्वारा अंतराष्ट्रीय कृषि विकास निधि वित पोषित 'समेकित आजीविका सहयोग परियोजना' एवं विश्व बैंक वित्त पोषित 'उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना फेज–2' हेतु जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अधीन राज्य, मण्डल एवं जनपद स्तरीय कार्यालयों की स्थापना हेतु पदों का सृजन/आवंटन किया गया है।

उक्त शासनादेश के कम में यह अवगत कराना है कि अंतराष्ट्रीय कृषि विकास निधि वित पोषित 'समेकित आजीविका सहयोग परियोजना तथा विश्व बैंक वित पोषित यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0 फेज–2 परियोजना के राज्य, मण्डल एवं जिला स्तर के कार्यालयों की स्थापना का आदेश कमशः (शासनादेश संख्या–06/XIII(II)/2013-19(05)/2004 दिनांक 04 जनवरी 2013 एवं शासनादेश संख्या–186/XIII(II)/2013-03(05)/2010 दिनांक 05 जुलाई, 2013) द्वारा निर्गत किये गये हैं।

समेकित आजीविका सहयोग परियोजना आई0एल0एस0पी0 परियोजना के पूर्व में स्वीकृत 6 जनपद स्तरीय प्रभागों के स्थान पर उक्त शासनादेश दिनांक 25 अक्टूबर 2013 के द्वारा 4 प्रभागों की स्थापना हेतु पद स्वीकृत किये गये है। वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये इस परियोजना के अंतर्गत 3 ही प्रभाग स्थापित किये जाने प्रस्तावित है। इस प्रकार अंतराष्ट्रीय कृषि विकास निधि वित पोषित 'समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर 3 प्रभाग तथा विश्व बैंक वित पोषित यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0 फेज–2 परियोजना के जनपद स्तर पर 6 प्रभागों की स्थापना की जानी है।

अतएव विश्व बैंक वित्त पोषित यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0 फेज–2 परियोजना तथा समेकित आजीविका सहयोग परियोजना आई0एल0एस0पी0 परियोजना के अन्तर्गत मण्डल स्तर तथा जनपद स्तर पर कार्यालय स्थापित किये जाने हेतु निम्न प्रकार अनुमोदन प्रदान किया जाता है :–

| अ–यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0 फेज–2 परियोजना के अंतर्गत (अनुदान संख्या–17–लेखाशीर्षक 2401–00–800–97–02 उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क0 सं0 | स्तर | नव सृजित कार्यालय का नाम | मुख्यालय | सम्पादित किये जाने वाले कार्य | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मण्डल स्तर | परियोनजा निदेशक, जलागम प्रबन्धन गढ़वाल क्षेत्र | मुनिकीरेती (टिहरी गढ़वाल) | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, आई0एल0एस0पी0 परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य | परियोजना निदेशक, गढ़वाल क्षेत्र, मुनिकीरेती में पूर्व से स्थापित कार्यालय भवन में |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | मण्डल स्तर | परियोनजा निदेशक, जलागम प्रबन्धन कुमायूँ क्षेत्र | हल्द्वानी (नैनीताल) | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2, आई0एल0एस0पी0 परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य | परियोजना निदेशक, कुमायूँ क्षेत्र, हल्द्वानी के पूर्व से किराये के भवन में स्थापित कार्यालय भवन में |
| 3 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0–2 देहरादून प्रभाग, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | विकासनगर | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित कार्यालय यथावत रहेगा। |
| 4 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0–2 टिहरी प्रभाग, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | थत्यूड़ | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित चिन्यालीसौढ़ प्रभाग का कार्यालय थत्यूड़ में स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना। |
| 5 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0–2 पौड़ी प्रभाग, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | पौड़ी | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित अगस्तमुनि प्रभाग का कार्यालय पौड़ी में स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना। |
| 6 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0–2 पिथौरागढ़ प्रभाग, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | पिथौरागढ़ | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित कार्यालय यथावत रहेगा। |
| 7 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0–2 बागेश्वर प्रभाग, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | बागेश्वर | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित कार्यालय यथावत रहेगा। |
| 8 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0–2 अल्मोड़ा प्रभाग, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | अल्मोड़ा | यू0डी0डब्ल्यू0डी0पी0, फेज–2 एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | किराये के भवन में नया कार्यालय स्थापित किया जायेगा। |

| ब–आईफैड पोषित आई0एल0एस0पी0 परियोजना के अंतर्गत (अनुदान संख्या– 17–2401–00–800–97–03 समेकित आजीविका सहयोग परियोजना (आई0एल0एस0पी0) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क0 सं0 | स्तर | नव सृजित कार्यालय का नाम | मुख्यालय | सम्पादित किये जाने वाले कार्य | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, पौड़ी, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | पौड़ी | आई0एल0एस0पी0 परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित गैरसैण प्रभाग का कार्यालय पौड़ी में स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना। |
| 2 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, नैनीताल, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | हल्द्वानी (नैनीताल) | आई0एल0एस0पी0 परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1 के अंतर्गत स्थापित कार्यालय यथावत रहेगा। |
| 3 | जिला स्तर | उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, चम्पावत, (शा0 सं0 304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25.10.2013 द्वारा सृजित) | चम्पावत | आई0एल0एस0पी0 परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य। | उप परियोजना निदेशक, यू0डी0डब्ल्यू0पी0 फेज–1, लोहाघाट कार्यालय को चम्पावत को स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना। |

उक्त कार्यालयों की स्थापना तथा वेतन भत्तों आदि के व्यय वहन हेतु दिशा निर्देश अग्रिम आदेशों तक निम्न प्रकार निर्गत किये जा रहे हैं :–

1. चूँकि नव सृजित कार्यालय तुरन्त स्थापित किये जाने हैं। अतएव उक्त प्रभागों में अधिकारियों/कर्मचारियों की नव तैनाती होने तक कार्यालयों की स्थापना हेतु उक्त तालिका के कॉलम संख्या 05 व 06 के अनुसार पूर्व परियोजना में वर्तमान में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ही नितान्त अस्थायी तौर पर अग्रिम आदेशों तक नव सृजित प्रभागों की स्थापना का कार्य सम्पादित किया जायेगा। सम्बन्धित कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों के तैनाती आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

2. परियोजना निदेशक, गढ़वाल एंव कुमायूँ के कार्यालय यथावत स्थापित रहेंगे। निदेशालय एवं परियोजना निदेशकों के कार्यालय का अधिष्ठान यू0डी0डब्ल्यू0डी0 फेज–2 का लेखाशीर्षक "2401–00–800–97–02 उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना" के अंतर्गत वहन किया जायेगा।

3. शासनादेश संख्या–304/XIII(II)/2013-483(05)/2004 दिनांक 25 अक्टूबर, 2013 के निर्देशानुसार पदों के विभाजन एवं आवंटन के फलस्वरूप पदों का वेतन भत्तों आदि से सम्बन्धित व्यय निदेशालय स्तर पर योजना/अनुदान संख्या–17 के लेखाशीर्षक "2401–00–800–05– जलागम प्रबन्ध निदेशालय" तथा यू0डी0डब्ल्यू0डी0 फेज–2 का लेखाशीर्षक "2401–00–800–97–02 उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना" एवं समेकित आजीविका सहयोग परियोजना के पदों का वेतन भत्तों आदि का व्यय "2401–00–800–97–03 समेकित आजीविका सहयोग परियोजना (आई0एल0एस0पी0)" लेखाशीर्षक से वहन किया जायेगा।

कृपया उक्त नव सृजित कार्यालयों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सम्पादित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय तथा जिन मुख्यालयों में कार्यालय हेतु भवन किराये पर लिये जाने हों उन भवनों का तत्काल किराये पर लिये जाने हेतु प्रस्ताव इस कार्यालय को अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जायें ताकि सक्षम स्तर से किराये की स्वीकृति निर्गत की जा सके।

(बी0पी0 पाण्डेय)
मुख्य परियोजना निदेशक,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून

पत्रांक 1152 /5–28–3 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/कुमायूँ मण्डल, नैनीताल।
2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
3– महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4– निदेशक, कोषागार, 23 लक्ष्मी रोड, देहरादून।
5– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6– परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, गढ़वाल क्षेत्र, मुनिकीरेती/कुमायूँ क्षेत्र, हल्द्वानी।
7– परियोजना निदेशक, आई0एल0एस0पी0/ग्राम्या, फेज–2, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
8– समस्त उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, गढ़वाल मण्डल/कुमायूँ मण्डल।
9– समस्त अधिकारीगण, मुख्यालय।

(डब्ल्यू0 लोंगवाह)
परियोजना निदेशक (प्रशासन)
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून